**नगर निगम, शाहजहाँपुर।**

**प्रेस विज्ञाप्ति**

**दिनांक 17.07.2020**

- **नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान। कल से 02 दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान।**
- **कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ साफ–सफाई एवं कूड़े निस्तारण का चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान।**

1. नोवेल कोरोना वायरस–19 तथा जे0ई0/ए0ई0एस एवं अन्य वैक्टरजनित रोगो की रोकथाम,प्रभावी नियंत्रण का अभियान कल से 02 दिन चलेगा विशेष सफाई अभियान। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी जा रही है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत नागरिको को शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु पाइप लाइनो की टूट–फूट की मरम्म्त एवं जल रिसाव वाले स्थानो को चिन्हित करते हुये उनकी मरम्मत कराने एवं समय–समय पर जल शुद्धीकरण के लिये दवाओ का प्रयोग किये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) को निर्देश दिये गये है। नगर आयुक्त महोदय वातावरणीय तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के उपायो के अन्तर्गत खुले में शौच न करने शुद्ध पेयजल के प्रयोग तथा मच्छरो की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान संचालित करने हेतु नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया साथ ही सामुदायिक शौचालय,पब्लिक टॉयलेट आदि की समुचित सफाई एवं रख रखाव सुनिश्चित करने के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त सेनेटाईजेशन एवं फागिंग का कार्य रामनगर,कचहरी,आर्यनगर कालोनी,सुभाषनगर कालोनी, दिलाजाक,बाबूजई,चौभुर्जी, गौहरपुरा, मोहम्मदजई, बी0एस0 पब्लिक स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, मुमुक्षु आश्रम,रैन बसेरा, रेयान स्कूल,दलेलगजं, तारीन गाड़ीपुरा,अटां, तारीन बहादुरगंज,बृज बिहार कॉलोनी,चौक आला खॉ, खिरनीबाग आदि में कराया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु नगर निगम द्वारा अपने सभी संसाधनो का उपयोग किया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा सभी नोडल अधिकारियो/कर्मचारी को निर्देशित कि अपने आवंटित वार्ड की सफाई कार्य में अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेंशन और 02 गज दूरी बनाये रखे। अन्तर्गत बन्द पड़ी लाईटो को सही कराये जाने हेतु, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने हेतु,खराब हैन्डपम्पो को रिबोर कराये, ,टंकियो तथा टैंकरो की सफाई करायी जा रही है।नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया कि शहर स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक नाले/नालियों की सफाई कार्ययोजना के अनुसार सुनिश्चित करें। इस अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 17.07.2020 को मुल्लाखेल, सदर बाजार, गढी गाडीपुरा, सिंजई, रगंमहला में सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियो को वार्डवार पर्यवेक्षण का दायित्व दिया गया है,जिनके द्वारा सुबह से ही सफाई कर्मचारियो के साथ अपने आवंटित मोहल्लो की सफाई करायी जा रही है।नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 17.07.2020 को अभियान के जलापूर्ति की पाइपो के लीकेज की समस्या तत्काल दूर की जा रही है। प्रर्वतन दल के माध्यम से प्रतिदिन अभियान चलाकर प्रतिबन्धित पालीथीन से निर्मित वस्तुओ को सीज करने तथा जुर्माना लगाने का कार्य भी किया जा रहा है ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने,मास्क लगाने,दो गज की दूरी रखने तथा संकमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार कन्टेनमेन्ट जोन में वेरीकेटिंग लगाने के साथ–साथ प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, कीटनाशक का छिड़काव एवं कूड़े निस्तारण का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कोरोना कोविड–19 के मरीजो की संख्या नगर में प्रतिदिन बढ़ रही है। इसके अन्तर्गत कन्टेनमेन्ट जोन में प्रतिदिन साफ–सफाई, सेनेटाईजेशन, फागिंग, एण्टीलार्वा का छिड़काव कराया जा रहा है।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।
17/7/2020

Generated by CamScanner